केन्द्रीय विद्यालय संगठन

Azadi Ka Amrit Mahotsav

FIT INDIA FREEDOM RUN 2.0

Azadi Ka Amrit Mahotsav
Fit India Freedom Run 2.0
13th Aug-2nd Oct

केन्द्रीय विद्यालय क्र.2 आ.व.नि.शाहजहांपुर
KENDRIYA VIDYALAYA NO.2, O.C.F, SHAHJAHANPUR
पिन/PIN- 242001
E-Mail ID: kv2ocfspn1stshift@gmail.com
Website: https://no.2shahjahanpur.kvs.ac.in
Contact No. (o) 05842-297715, 280721
CBSE SCHOOL CODE-64016,
AFFILIATION NO: 2100043
UDISE : 09221300703

फा. F. / केवी-२.ओ.सी.एफ./2023-24/ **09.11.2023**

<u>नीलामी सूचना</u>

सर्वसाधारण / सभी क्रय-विक्रय फर्मों को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-2, आयुध वस्त्र निर्माणी, शाहजहाँपुर के फर्नीचर विभाग का पुराना टूटा हुआ अनुपयोगी फर्नीचर एवं अलमीरा इत्यादि "**जिस हालत में है उसी हालत में**" की नीलामी दिनांक **22.11.2023** सुबह **11:00 बजे** की जानी है।

इच्छुक व्यक्ति / क्रय-विक्रय फर्म दिनांक **21.11.2023** को **सुबह 11:00 से दोपहर 2:00 बजे तक** विद्यालय परिसर में आकर नीलाम की जा रही पुरानी अनुपयोगी सामग्री का निरीक्षण कर सकते है ।

नियम एवं शर्त:

1. इच्छुक व्यक्ति / क्रय-विक्रय फर्म नीलामी में सुरक्षा राशि **2000/- रूपए**, **केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-2, शाहजहाँपुर** के पक्ष में **डिमांड ड्राफ्ट** जमा करने के उपरांत शामिल हो सकते है |
2. बोली लगाने वाले व्यक्ति / क्रय-विक्रय फर्म को नीलामी के समय घोषित किए जाने वाले नियमों का पालन करना होगा |
3. कार्यालय द्वारा नीलाम की जा रही पुरानी अनुपयोगी सामग्री की न्यूनतम बोली दिनांक **22.11.2023** सुबह **11:00 बजे** नीलामी समिति द्वारा निर्धारित की जाएगी व् अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति/ फर्म को अनुपयोगी सामग्री नियमानुसार बेचीं जायेंगी । इच्छुक क्रेतागण अधिकतम बोली लगा कर इस अवसर का लाभ उठाएं ।
4. अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति / क्रय-विक्रय फर्म को नीलामी की पूर्ण राशि उसी दिन विद्यालय में नगद जमा करनी होगी|
5. समस्त दस्तावेज/औपचारिकताओं की कार्यवाही के उपरांत अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति / क्रय-विक्रय फर्म को अनुपयोगी सामग्री उसी दिन अपने खर्च पर विद्यालय से उठानी होगी |
6. यदि अधिकतम बोली लगाने वाला व्यक्ति / क्रय-विक्रय फर्म नीलामी मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है तो उसकी सुरक्षा राशि **2000/- रूपए** जब्त कर ली जाएगी और अगले उच्च बोली लगाने वाले व्यक्ति / क्रय-विक्रय फर्म को अनुपयोगी सामग्री बेच दी जाएगी।
7. नीलामी के पश्चात असफल बोलीदाताओं की जमा की हुई सुरक्षा राशि **2000/- रूपए** का डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दिया जाएगा |
8. बोलीदाताओं को अनुपयोगी सामग्री को तोलने के लिए तराजू का इंतज़ाम खुद करना होगा|
9. प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-2, आयुध वस्त्र निर्माणी, शाहजहाँपुर को बिना किसी कारण बताए नीलामी प्रस्ताव को रद्द/अस्वीकार/विस्तारित करने का अधिकार है|

09/11/23

प्राचार्य

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय क्रमाँक २
आयुध वस्त्र निर्माणी
शाहजहाँपुर (उ०प्र०)